

एसीसी सेवानिवृत्त कामगार संघ ने खलारी अंचल कार्यालय के समक्ष दिया धरना

# उपायुक्त व प्रवर्तन निदेशालय के पास किया जाएगा जमीन घोटाले का खुलासा

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
एसीसी सेवानिवृत कामगार संघ के बैनर तले बुधवार को खलारी अंचल कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना में खलारी सीमेंट कारखाना के सेवानिवृत कामगार, उनके परिवार के लोग सहित काफी संख्या में क्षेत्र के अन्य सामाजिक कार्यकर्ता, महिला, पुरूष उपस्थित हुए। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में खलारी सीमेंट फैक्ट्री मालिक पर सीधे निशाना साधते हुए सरकार की सैकड़ों एकड़ जमीन पर कब्जा रखने, उसपर बने भवनों से किराया वसूलने, सरकारी भूमि पर निर्मित कामगार क्वार्टरों का कब्जा बेचने का आरोप लगाते हुए सारी बात बताई। कहा गया कि खलारी सीमेंट प्रबंधन के प्रभाव में आकर अंचल के आनलाइन पंजी से भी छेड़छाड़ किया गया है। लीज भूमि के अलावा भी कई दूसरे सरकारी जमीन को पंजी में एसीसी के नाम जमाबंदी दर्शा दिया गया है। खलारी सीमेंट प्रबंधन स्वयं को एसीसी का उत्तराधिकारी घोषित किए हुए है तथा सरकारी लीज भूमि का व्यवसायिक इस्तेमाल कर करोड़ो कमा रही है। जिला खनन विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए लीज भूमि की सूची के अलावा जिन जमीन के प्लाटों को एसीसी के नाम दर्शा दिया गया है उसे तत्काल पंजी से विलोपित करने की मांग की गई। वहीं पंजी में भी एसीसी की जगह झारखंड सरकार दशार्ने की मांग की गई। तय हुआ कि जल्द ही संघ का एक प्रतिनिधिमंडल रांची उपायुक्त से मिलकर खलारी के इस बड़े जमीन घोटाले का खुलासा करेगा। आवश्यकता पड़ी तो प्रवर्तन निदेशालय को भी इस भूमि घोटाले से अवगत कराया जाएगा। धरना के अंत में संघ के प्रतिनिधिमंडल द्वारा अंचल अधिकारी खलारी के नाम का एक ज्ञापन सौंपा गया। धरना में रामप्रीत यादव, दिलीप पासवान, रवीन्द्रनाथ चौधरी, प्रताप यादव, जीतेन्द्र सिंह, सलामत अंसारी, अशोक राम, जगदीश साव, बीटी कर्मकार, जुगेश्वर राम, नुरूद्दीन अंसारी, एसपी चौरसिया, मंगलमय मंडल, बशिष्ठ पांडेय, साकेत सौरभ, गणेशचंद्र मुखर्जी, शंकर बोदरा, अबरार, कृष्णा कुमार, इम्तियाज अंसारी, एसएन सिंह परमार, लक्ष्मण साह, मखन राम, जब्बार अंसारी, सत्तार अंसारी सहित काफी संख्या में अन्य महिला, पुरूष उपस्थित थे।

### 11 करोड़ की लागत से ढाई एकड़ परिसर में बनेगा भवन

## खलारी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मिली स्वीकृति

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी के प्रखंड बनने के 15 वर्ष बाद खलारी प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निर्माण के लिए स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग झारखंड सरकार द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति दे दी गई है। केंद्र संपोषित ईसीआरपी-टू मद से 11 करोड़ की लागत से खलारी सीएचसी भवन का निर्माण होना है।

मालूम हो कि केंद्र सरकार ने ह्यइमरजेंसी कोविड-19 रिस्पांस पैकेज दोह्व के तहत झारखंड सरकार राज्य के लिए 638.90 करोड़ रूपए का पैकेज स्वीकृत किया था। विभिन्न गतिविधियों में व्यय के बाद 106.40 करोड़ रूपए बच गया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा यह निर्देशित किया गया कि बचत राशि से आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने हेतु राज्य सरकार समुचित निर्णय ले सकती है। इसी के आलोक में खलारी सीएचसी भवन निर्माण की स्वीकृति दे दी गई है। इसे लेकर प्रबंधक सह कार्यपालक अभियंता झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, परियोजना कार्यान्वयन इकाई, रांची ने खलारी अंचल अधिकारी को पत्र देकर आवश्यक ढाई एकड़ भूमि उपलब्ध कराने कहा है। जमीन उपलब्ध होने के बाद संबंधित विभाग द्वारा सीएचसी निर्माण के लिए निविदा निष्पादन किया जाएगा।

### बिरसा कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या को हटाने की मांग

## अभाविप ने दिया धरना



**नवीन मेल संवाददाता**
खूंटी। जिले के एकमात्र अंगीभूत बिरसा कॉलेज प्रशासन द्वारा बोनाफाइड के नाम पर छात्रों से हो रही अवैध वसूली, कॉलेज में व्याप्त भ्रष्टाचार और इंटर कॉलेज में अवैध रूप से हुई शिक्षकों की नियुक्ति के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) खूंटी नगर से जुड़े छात्र-छात्राओं ने बुधवार को कॉलेज परिसर में धरना दिया। उन्होंने कॉलेज प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। विद्यार्थी परिषद के छात्र प्रभारी प्राचार्या को हटाने की मांग कर रहे थे। परिषद के जिला संयोजक कमलेश महतो ने आरोप लगाते हुए कहा कि कॉलेज प्रशासन पूरी तरह भ्रष्टाचार में संलिप्त है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार बिरसा कॉलेज के इंटर के शिक्षक की नियुक्ति के लिए न तो विज्ञापन निकाला गया और न ही इंटरव्यू लिया गया। प्रशासन ने अवैध ढंग से शिक्षकों की नियुक्ति कर ली। उन्होंने प्रचार्या को हटाने की मांग करते हुए कहा कि नियुक्तियों की जांच होनी चाहिए, अन्यथा विद्यार्थी विश्वविद्यालय में धरना देंगे। कॉलेज अध्यक्ष पवन कुमार महतो ने कहा कि कॉलेज में छात्रों की पढ़ाई पर असर पड़ रहा है। साधारण से साधारण चीजों के लिए भी छात्रों को बहुत भटकना पड़ता है। खासकर, छात्राओं के लिए स्वच्छ वॉशरूम की व्यवस्था नहीं है। केवल बोनाफाइड के नाम पर छात्र छात्राओं से वसूली हो रही है। कॉलेज सह मंत्री श्रद्धा सिंह ने कहा कि हमेशा छात्र-छात्राओं से ही किसी ने किसी बहाने अवैध वसूली की जाती है।

## न्यूज बॉक्स

### सिमडेगा उपायुक्त ने योजना कार्यकारिणी समिति के साथ की समीक्षा बैठक



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई।बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिला योजना अनाबद्ध निधि अन्तर्गत माननीय जनप्रतिनिधियो, पदाधिकारियो एवं ग्रामीणों द्वारा प्राप्त प्रस्तावों के अनुमोदन,जिला योजना अनाबद्ध निधि अन्तर्गत अनुमोदन की प्रत्याशा में स्वीकृत योजनाओं की घटनोत्तर स्वीकृति, जिला योजना अनाबद्ध निधि से स्वीकृत एवं क्रियान्वित योजनाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा एवं जिला स्तर पर विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित किये जा रहे योजनाओं में अभिसरण पर परिचचार्की गई। उपायुक्तने विभिन्न विभागों अंतर्गत संचालित योजनाओं को स समय पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही नई योजनाओं की अनुमोदन हेतु योजनाओं का चयन करने की दिशा में आवश्यक निर्देश दिये।बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, आईटीडीए निदेशक सरोज तिर्की, जिला योजना पदाधिकारी रमण कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी मुनेंद्र दास, जिला सहकारिता पदाधिकारी आत्म अभय टोप्पो, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता एन.आर.ई.पी, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण, नगर परिषद प्रशासक पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी व कर्मी गण उपस्थित थे।

### मुरी पुलिस ने अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को किया जब्त



**मुरी/सिल्ली।** मुरी ओपी थाना अंतर्गत मंगलवार की रात को मुरी ओपी पुलिस ने गश्ती के दौरान अवैध रूप से बालू लदा ट्रैक्टर को झारखंड मोड से आगे स्टेडियम के पास से जप्त कर थाना लाया। मुरी पुलिस ने धारा 379/ 414 आईपीसी एवं 4/ 21 माइंस एंड मिनरल एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर ट्रैक्टर का चालक शशि मुंडा, उम्र 39 वर्ष पिता सुकरा मुंडा, ग्राम कोरामबे, थाना गोला, जिला रामगढ़ को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### व्यावसायिक संघ ने नवनियुक्त प्रभारी का किया नागरिक अभिनंदन



**सिल्ली।** सिल्ली व्यावसायिक संघ के द्वारा बुधवार को संध्या में सिल्ली थाना में नव पदस्थापित थाना प्रभारी मोहित कुमार को अंग वस्त्र तथा पुष्प गुच्छ देकर नागरिक अभिनंदन किया गया। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में शांति बहाल करना मेरा पहली प्राथमिकता है। व्यावसायिक संघ को हर संभव मदद करने का प्रयास करूंगा। मौके पर विनय साव, सुमन अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, गोपाल केडिया, अमर अग्रवाल, अमित अग्रवाल, मनोज साव, अनिल साव, नारायण तापड़िया, कमल किशोर कुशवाहा, नरोत्तम गोराई, बंटू गुप्ता समेत दर्जनों व्यवसायी मौजूद रहे।

### सिल्ली प्रखंड के कांग्रेस समर्थकों ने पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय का किया स्वागत



**सिल्ली।** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो के नेतृत्व में सिल्ली प्रखंड के पदाधिकारीगण, मंडल अध्यक्ष एवं पंचायत अध्यक्ष गण और वरिष्ठ कांग्रेस नेता गणों ने कांग्रेस के दिग्गज नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय जी से उनके आवास धुर्वा रांची में शिष्टाचार मुलाकात की। इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नागेन्द्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, कोषाध्यक्ष मंजूर मोमिन, सचिव बलराम महतो, भागीरथ महतो, योगेंद्र कोइरी, मंडल अध्यक्ष (पश्चमी) गुहीराम महतो, मंडल अध्यक्ष (पूर्वी) भूतनाथ मंडल,पंचायत अध्यक्ष प्रकाश मुंडा, अशोक महतो, घासीराम पातर, चैतन मुंडा, विन्देश्वर महतो, मोहन उपाध्याय, जमुरुद्दीन मोमिन, दुर्गा यादव, लखी चित्राकार, लालू कोईरी, सिल्ली अल्प संख्यक कांग्रेस अध्यक्ष शाहबुद्दीन अंसारी, एस टी अध्यक्ष श्री प्रसाद बड़ाईक, युवा कांग्रेस प्रखंड रोहित मुंडा, मो. कलाम अंसारी, रमजान अंसारी, चरण कोईरी, फागु कोईरी, नयन चित्रकार, गोविंद चित्रकार, गोवर्धन हजाम, श्रीनाथ अहीर, सोनाराम मुंडा, भोन्दु हजाम, बालेश्वर वेदिया,सदानंद सोनार, इत्यादि कांग्रेस नेतागण उपस्थित थे।

### पिकअप वैन ने बाइक को मारी टक्कर, शिक्षक की हालत गंभीर

**रामगढ़ ।** कुजू ओपी क्षेत्र के मुरपा स्थित पंजाबी ढाबा फोरलेन सड़क के पास बुधवार को एक पिकअप वैन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के अनुसार यूपी निवासी प्रदीप कुमार पांडेय नामक व्यक्ति अपने बाइक स्पलेंडर बाइक संख्या यूपी50एडब्लू-3301 पर सवार होकर रामगढ़ अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच पीछे से आ रहे पिकअप वैन संख्या जेएच01ईक्यू-6163 ने पीछे से जोरदार टक्कर मारते हुए सड़क के किनारे डिवाईडर में चढ़ गया। वहीं मौके से चालक वैन को छोड़कर फरार हो गया। प्रदीप कुमार पांडेय तिरला उच्च विद्यालय में संस्कृत शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। ग्रामीणों द्वारा घायल को अस्पताल ले जाया गया। इस बीच पिकअप वैन को छानबीन करने पर देखा कि उपर में बोरे में भरकर कोयला रखा हुआ है। जबकि उसके ठीक अंदर प्रतिबंधित मांस छिपाकर कर रखा है।

### झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की कार्यकारिणी समिति की हुई बैठक

## इंटरनेशनल ट्रेड फेयर कल से मोरहाबादी में




**नवीन मेल संवाददाता**
**रांची।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की कार्यकारिणी समिति की बैठक बुधवार को चैंबर भवन में अध्यक्ष किशोर मंत्री की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 1 मार्च से 11 मार्च तक मोरहाबादी मैदान में चैंबर और जीएस मार्केटिंग एसोसियेट्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किये जा रहे इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर के संबंध में चर्चा हुई। इसमें राज्य के व्यापारियों और उद्यमियों की सहभागिता के लिए चैंबर महासचिव परेश गट्टानी ने अपील करते हुए कहा कि फेयर में होम एंड डेकोर, फाइनेंस, फर्नीचर एंड इंटीरियर, लाइफस्टाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, हेल्थकेयर, हैंडीक्राफ्ट्स एंड हैंडलूम के प्रोडक्ट की प्रदर्शनी की जायेगी। स्टॉल लगाने के इच्छुक उद्यमी चैंबर से संपर्क कर सकते हैं। बैठक में रांची शहर में यातायात की समस्या पर सदस्यों ने चिंता जताई। उन्होंने कहा कि निमार्णाधीन फ्लाईओवरों के पास बाईलेन टूटी-फूटी अवस्था में हैं, जिस कारण आए दिन दुर्घटना हो रही हैं। बाईलेन और एप्रोच रोड की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग सुविधा और सुरक्षा से वंचित हैं। सर्कुलर रोड में भी पीएचडी विभाग द्वारा सडक पर गड्ढे खोदकर अधूरा छोड दिया गया है, जिस कारण रोज ही वहां गाडियां फंस जाती हैं। इलाके में धूल उडने के कारण भी लोग परेशान हैं।

### मुरहू में छात्राओं को दी गई बचत करने की जानकारी

**खूंटी।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के मनीवाइज वित्तीय साक्षरता केंद्र मुरहू ने बुधवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं को पैसे की बचत कैसे करें, इसकी जानकारी दी। 'करो सही शुरुआत, बनो फाइनेंशियली स्मार्ट' की थीम पर आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को बचत खाता, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, अटल पेंशन योजना, सावधि जमा खाता, आवर्ती जमा खाता, डिजिटल बैंकिंग के साथ ही फ्रॉड से कैसे बचें और इसकी शिकायत कहां और कैसे करें तथा एजुकेशन लोन आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

### नागपुरी फिल्म 'जतरा एक प्रेम कथा' की एडवांस बुकिंग शुरू

**रांची।** झारखंड की विलुप्त हो रही भाषा एवं संस्कृति को संरक्षित करने के लिए 1 मार्च से 'अबुआ भाषा, अबुआ सिनेमा' की शुरुआत की जा रही है। इस दिन इस साल की नागपुरी भाषा में बनी फिल्म 'जतरा एक प्रेम कथा' रिलीज हो रही है। इस फिल्म की खूब चर्चा हो रही है। इस फिल्म को लेकर लोगो में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। फिल्म की टिकट की एडवांस बुकिंग ऑनलाइन और ऑफलाइन में शुरू हो गई है। बुक माई शॉ में जाकर दर्शक अपना टिकट बुक कर सकते हैं। एक मार्च को यह फिल्म जेडी सिनेमा हाई स्ट्रीट मॉल में चलनी शुरू हो जाएगी। इस फिल्म में मुख्य भूमिका पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख, सुनील करण, चांदनी बड़ाइक, दीपक लोहार, गीत, कुणाल भारती, मंजू तिवारी, डोला आदि कलाकार निभाएंगे।

## हर्ल बनाएगा सल्फर कोटेड यूरिया : एसपी मोहंती

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक मार्च को धनबाद पहुंच रहे हैं। वह सिंदरी स्थित हिंदुस्तान उर्वरक और रसायन लिमिटेड यानी हर्ल कारखाने का उद्घाटन करेंगे। इसकी तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। बुधवार को हर्ल के निदेशक एसपी मोहंती ने कंपनी के प्रशासनिक हॉल में प्रेस वार्ता कर उद्घाटन और कारखाने के उत्पादन से जुड़ी जानकारी दी। हर्ल के निदेशक ने कहा कि बड़ी हर्ष की बात है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 मई 2018 को जिस कारखाने की शिलान्यास किया उसी कारखाने का वह एक मार्च को उद्घाटन करने यहां आ रहे है, जिसकी तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से भी एसपीजी के दिशानिर्देश पर तैयारियां लगभग समापन की ओर है और अब बस उस क्षण का इंतजार है जब देश के प्रधानमंत्री इस कारखाने का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने सिंदरी हर्ल के द्वारा की जा रही प्रोडक्शन के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस फरवरी माह में सिंदरी हर्ल कारखाने से कुल सात लाख मीट्रिक टन अमोनिया और 11.91 लाख मीट्रिक टन यूरिया का उत्पादन किया गया है, जो आने वाले समय मे और बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि यहां से निकलने वाले उत्पाद अभी झारखंड के साथ साथ बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिसा, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले महीनों में इस फैक्ट्री से सल्फर कोटेड यूरिया जिसे हम यूरिया गोल्ड भी कहते है उसका भी उत्पादन किया जाएगा।

### बेड़ो में जगह-जगह खंभे से झूल रहे हैं मौत के तार

## बिजली विभाग किसी बड़ी दुर्घटना का कर रहा इंतजार

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो थाना क्षेत्र में जगह-जगह बिजली के खंभे से झूल रहा है मौत का तार। जमीन से महज पांच से छह या सात फीट की ऊंचाई पर 11000 वोल्ट का तार में दौड़ रहा करंट किसी की भी जान ले सकता है। इसमें सबसे अधिक खतरा स्कूल बस में सफर करने वाले बच्चों के साथ कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है वाहन के ऊपर बैठे यात्री भी इसकी चपेट में आ सकते हैं यही नहीं जंगल से निकलकर सड़क तक विचरण करने वाले जंगली हाथियों को सबसे अधिक खतरा है। बेड़ो के दिघिया पंचायत के तुको, बेड़ो के विनय बगीचा, केनाभिट्ठा, खिरदा, घघारी जंगल, दोलैचा बगान के पास सहित दर्जनों जगहों में 11 हजार वोल्ट



का नंगा तार जहां बिजली का करंट प्रवाहित है जमीन से महज पांच से सात फीट की ऊंचाई पर बिजली के खंभे से झूल रहा है। यह मौत जैसी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है। दिघिया पंचायत के समाजसेवी और मुखिया प्रतिनिधि अजीत तिर्की ने कहा कि यहां चारो ओर तार के रुप में मौत झूल रहा है। लेकिन बिजली विभाग के एसडीओ फोन करने पर फोन भी नहीं उठाते। उन्होंने कहा कि झूलती तार के अलावे एक बड़ी समस्या लो वोल्टेज का है। जब सुबह किसान खेत की पटवन के लिए जाते हैं उसी समय वो वोल्टेज रहने के कारण खेतों की पटवन नहीं हो पाती। अजीत तिर्की ने कहा कि मजबूरी में किसान रात को खेतों के पटवन के लिए खेतों में जाते हैं जहां जंगली हाथी कभी भी किसी को भी कुचल सकता है। लेकिन किसान जान में खेल कर रात में खेतों का पटवन करने के लिए विवश हैं। अजीत तिर्की ने कहा कि एसडीओ कभी भी फील्ड में नहीं घुमते हैं। इसलिए उन्हें किसी भी चीज की जानकारी भी नहीं है।

### डॉ अभिलक्ष ने गेतलसूद बांध का किया दौरा

## केज फार्मिंग की प्रगति की समीक्षा की



**नवीन मेल संवाददाता**
रांची/नई दिल्ली। मत्स्य पालन विभाग के सचिव डॉ अभिलक्ष लिखी ने केज फार्मिंग की प्रगति की समीक्षा करने के लिए झारखंड के रांची स्थित गेतलसूद बांध का दौरा किया। यह समीक्षा झारखंड मत्स्य पालन विभाग के सहयोग से की गई। झारखंड का रांची स्थित गेतलसूद जलाशय पंगेशियस और तिलापिया मछली प्रजातियों के संवर्धन के लिए केज फार्मिंग का केंद्र है। आसपास के सोलह गांवों के केज फार्मिंग करने वाले मछली किसान मत्स्य पालन सहकारी समितियों के सदस्य हैं। वे जीआई पाइप या मॉड्यूलर केजेज का उपयोग करते हैं। उनका औसत उत्पादन प्रति केज 3-4 टन है और जलाशय केज फार्मिंग से कुल लाभ प्रति वर्ष 4 लाख रुपये से अधिक है। केज मछली संवर्धन का काम वर्ष 2012-13 में शुरू किया गया था। इसमें नीली क्रांति, आरकेवीवाई और पीएमएमएसवाई के तहत स्थापित 365 केजेज के साथ महत्वपूर्ण सफलता देखी गई है। इन केजेज में तिलापिया, पंगासियस की फार्मिंग की गई और मछली की आबादी बढ़ाने के लिए जलाशय में सालाना 25 लाख फिंगरलिंग्स का भंडारण करने का महत्वपूर्ण काम पूरा किया गया। बताया गया कि बाजार संपर्क पहले से ही मौजूद है, क्योंकि स्थानीय रूप से उत्पादित मछली पास के बाजार में बेची जाती है। मछुआरों ने इसे औसतन 120 रुपये प्रति किलोग्राम की कीमत पर बेचा, जो इस क्षेत्र के आर्थिक कल्याण में योगदान दे रहा है। डॉ अभिलक्ष लिखी ने अपने दौरे के दौरान केज मछली किसानों से उनके मुद्दों और चुनौतियों को समझने के लिए बातचीत की। उन्होंने भारत के विशाल जलाशय संसाधनों की अपार क्षमता पर प्रकाश डाला, जिसका अनुमानित क्षेत्रफल 32 लाख हेक्टेयर है, जिसका वर्तमान में मछली उत्पादन के लिए जितना उपयोग होना चाहिए, उतना उपयोग नहीं हो पा रहा है। ज्ञात हो कि नीली क्रांति संबंधी सीएसएस के तहत, मत्स्य पालन एकीकृत विकास और प्रबंधन योजना 2015-16 से 2019-20 के दौरान मत्स्य पालन विभाग द्वारा शुरू की गई और इसमें कुल 14,022 केजेज को मंजूरी दी गई थी और इस परियोजना में 420 करोड़ रुपये की लागत आई थी।

### बांधगाड़ी को हराकर अंश क्लब बना चैंपियन

**रांची।** चाय बागान फुटबॉल मैदान महिलौंग में चल रहे प्रथम सरला बिरला मेमोरियल फुटबॉल चैंपियनशिप का फाइनल मैच बुधवार को बांधगाड़ी फुटबॉल क्लब बांधगाड़ी और अंश क्लब कांके के बीच खेला गया। इसमें अंश क्लब कांके ने बांधगाड़ी क्लब को 1-0 से हराकर प्रथम पुरस्कार जीता। दोनों ही टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

पहले हाफ में किसी भी टीम को सफलता नहीं मिली। दूसरे हाथ में भी दोनों टीमे एक-दूसरे पर आक्रमण प्रत्याक्रमण करती रहीं, लेकिन दोनों टीम गोल करने में असमर्थ रहीं। मैच के 55वें मिनट में बांधगाड़ी फुटबॉल क्लब के खिलाड़ी नयन बारला ने अपने ही पेनाल्टी बॉक्स के अंदर हैंडबॉल किया। इससे अंश क्लब कांके को पेनाल्टी का लाभ मिल गया, जिसे अमित ने गोल में बदलकर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया और यह अंत तक कायम रहा। इस मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अंश क्लब के सुशील को दिया गया।

### पर्यावरण की रक्षा का लिया संकल्प

## जब तक प्रवास नहीं होगा, तब तक हमारे कार्यक्रम भी अधूरे रहेंगे : रवींद्र



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
लापुंग प्रखंड के साईं मंदिर स्थित गेस्ट हाउस में भारतीय मजदूर संघ के पर्यावरण मंच की दो दिवसीय अखिल भारतीय बैठक का समापन किया गया। इस मौके पर बैठक की अध्यक्षता करते हुए भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय महामंत्री रवींद्र हिमते ने कहा कि हमारे सभी 11 आयामों पर कार्य करते हुए प्रवास योजना तैयार करनी पड़ेगी। जब तक प्रवास नहीं होगा तब तक हमारे कार्यक्रम भी अधूरे होंगे। वहीं कार्यक्रम का संचालन अखिल भारतीय पर्यावरण मंच के संयोजक लक्ष्मण चंद्रा ने किया। इस मौके पर साईं मंदिर परिसर में भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय महामंत्री रविन्द्र हिमते के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। क्षेत्रीय संगठन मंत्री धर्मदास शुक्ला ने कहा कि प्रकृति ने ब्रम्हा एवं मनुष्य दोनों का निर्माण किया है। उन्होंने कहा कि प्रकृति ने शुन्य से सृष्टि का निर्माण किया है। पहले गांव गांव में फलदार पेड़ पौधे और बागीचे होते थे। घनघोर जंगल थे। गांव के खेतों में मेढ़ होते थे।

